**दिनांक : 15/09/2046** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन पर 17 सितम्बर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान। क्षिप्रा के तट पर जलाए जाएंगे 25 लाख दीप।
- मुख्य न्यायाधीश ने न्यायपालिका में निरन्तर सुधार और अधिक पारदर्शिता पर दिया बल।
- प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा खरीदी के लिए आज से पंजीयन शुरू।
- प्रदेश में फिलहाल भारी बारिश का दौर थमा।

अब समाचार विस्तार सेः-

सेवा संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेश में भी 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान शुरू होगा। इस दौरान शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों और महाकाल महालोक क्षेत्र में 25 लाख से ज्यादा दीप जलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शाम 7 बजे एक साथ दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का आयोजन प्रदेश के प्रत्येक ग्राम एवं नगर स्तर पर अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए उत्साहपूर्वक किया जाए।

मुख्य न्यायाधीश - व्याख्यान

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने न्यायाधीशों के विरुद्ध शिकायतों के निवारण हेतु सर्वाेच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों द्वारा विकसित तंत्र को सुदृढ़, सक्रिय और समयबद्ध बताया है। उन्होंने न्यायपालिका में निरंतर सुधार और अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता पर बल दिया।

नई दिल्ली में कल आयोजित राम जेठमलानी स्मृति व्याख्यान के छठे संस्करण, जिसका विषय था न्याय का क्रियान्वयन- पारदर्शिता और जनविश्वास कानूनी व्यवस्था के स्तंभष्, में मुख्य भाषण देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सुधार एक मानक प्रक्रिया होनी चाहिए।

राजस्थान निकाय चुनाव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्थान में नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की विजय पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी के प्रति जनता का विश्वास लगाता बढ़ रहा है। राजस्थान में हुई विजय इसी विश्वास का प्रतीक है।

यूपीआई भुगतान

सरकार ने कहा है कि बैंक यूपीआई और रू-पे द्वारा संचालित डेबिट कार्ड से दो हजार रुपये तक के लेनदेन या भुगतान पर शुल्क नहीं लगा सकते। सरकारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार कोई भी बैंक या पेमेंट सिस्टम प्रदाता इन माध्यमों से लेनदेन करने वाले व्यक्ति पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष शुल्क नहीं लगा सकता। वित्त मंत्रालय ने यूपीआई लेनदेन पर शुल्क संबंधी नियमों को स्पष्ट करने के लिए भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम के अंतर्गत इन परिवर्तनों को अधिसूचित किया है।

प्रधानमंत्री-सेमीकॉन इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया-2026 के पांचवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस आयोजन में 600 से अधिक भागीदार, 300 अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेंगे। प्रदर्शनी में छह देशों और 12 राज्य सरकारों के पवेलियन और एक विशेष स्टार्टअप पवेलियन होगा। सेमीकॉन इंडिया भारत का प्रमुख सेमीकंडक्टर सम्मेलन और प्रदर्शनी है।

अभियंता दिवस-सीएम

अभियंता दिवस के अवसर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य स्तरीय अभियंता दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में अधोसंरचना निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और उल्लेखनीय योगदान देने वाले अभियंताओं, अधिकारियों, संयुक्त दलों तथा निर्माण एजेंसियों को 'लोक निर्माण पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।

समर्थन मूल्य

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन आज से शुरू हो रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। प्रदेश में 1100 से अधिक पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं।

शराब मामला-सागर

सागर जिले के बण्डा क्षेत्र में दूषित शराब के सेवन से बीमार हुए लोगों का हाल जानने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कल बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से उपचार की स्थिति के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना से सरकार बेहद गंभीर है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि दूषित शराब के सेवन से जिन लोगों की मृत्यु हुई है अथवा जो प्रभावित हुए हैं, उनके परिवारों को तीन दिन के अंदर मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन पीड़ितों के पास संबल कार्ड नहीं है, उन्हें भी नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।

मेधावी विद्यार्थी-ई-स्कूटी

प्रदेश के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत 19 सितंबर को भोपाल से मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी का वितरण करेंगे। इससे विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की राह आसान होगी। साथ ही, कॉलेज आने-जाने में भी सहूलियत होगी। राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर, भोपाल में सुबह 10 बजे से होगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में ही 70 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान आना जरूरी हैं।

क्रिकेट- भारत/अफगानिस्तान

पुरुष क्रिकेट में, भारत आज दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे सात बजे शुरू होगा। रविवार को पहले मैच में सात विकेट से शानदार जीत के बाद भारत तीन मैचों की श्रृंखला में एक-शून्य से आगे है। श्रृंखला का तीसरा मैच गुरुवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा।

मौसम

प्रदेश में फिलहाल भारी बारिश का दौर थम गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिनों तक भारी बारिश के आसार नहीं हैं। प्रदेश में अब तक 88 प्रतिशत से अधिक बारिश हो चुकी है। प्रदेश में सक्रिय निम्न दबाव क्षेत्र और ट्रफ के असर से पश्चिमी जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश जारी रहने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- आगरमालवा जिले में कल सुबह से कभी तेज तो कभी धीमी हो रही है। लगातार बारिश के चलते कुंडालिया बांध में जलभराव होने के कारण बांध के तीन गेट खोलकर पानी निकाला जा रहा है।
- खंडवा में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा-संकल्प अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को शाम सात बजे 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्ज्वलन से होगी।
- कटनी में एनजीटी द्वारा नदी-तालाब में प्रतिमा विसर्जन पर रोक लगाने के बाद विसर्जन के लिए बनाए गए तालाबों में ही प्रतिमाओं के विसर्जन करने को लेकर मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने चलाया जागरूकता अभियान चलाया है।
- इंदौर जिले में 17 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले सेवा संकल्प महा अभियान की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल तैयारियों की विभागवार समीक्षा की।
- डिंडौरी की ग्राम पंचायत पौंडी माल में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।
- मंडला के कान्हा टाइगर रिजर्व में विभागीय हाथियों के दीर्घकालीन स्वास्थ्य और कल्याण के लिए वार्षिक हाथी रिजुविनेशन कैंप आज 15 सितंबर से शुरू होगा। जो 20 सितंबर तक चलेगा।
- भोपाल के भारत भवन में दो दिवसीय भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया।

-------------